वर्ष 29 अंक 90
Pages 12
Bareilly, Monday, 11 December 2017
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 06 : MIDDLE

कैंसर के इलाज में पेन का मैनेजमेंट भी जरूरी

» कैंसर में दर्द के कंट्रोल पर विभिन्न मेडिकल कालेजों से आए कैंसर विशेषज्ञों ने साझा

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 Dec): श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के एनेस्थीसिया विभाग द्वारा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. जिसमें कैंसर की बीमारी के दौरान दर्द के प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने अपना-अपना अनुभव साझा किया. देश के विभिन्न मेडिकल कालेजों एवं चिकित्सा संस्थानों से आए एनेस्थीसिया एवं कैंसर रोग विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर जैसे गम्भीर रोग के मरीजों को होने वाले असहनीय दर्द से निजात दिलाना बहुत जरूरी है. इसके लिए विभिन्न प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करके दर्द को कम किया जा सकता है जिससे मरीज की परेशानी आधी हो सकती है.

सीएमई में विशेषज्ञों ने की चर्चा

सीएमई का उद्घाटन एम्स, दिल्ली से आई प्रोग्राम की चीफ गेस्ट डॉ. सुषमा भटनागर, संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, आईएसए -यूपी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. आरके भास्कर, आईएमए बरेली चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. वीपी सिंघल, सचिव डॉ. रतन पाल सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. नवनीत अग्रवाल, संस्थान के प्राचार्य डॉ. जेके गोयल, सीएमई की आयोजक चेयरपर्सन डॉ. जूही सरन ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने संस्थान में आये हुए मुख्य अतिथि एवं चिकित्सकों का पौधा दे कर स्वागत किया.

चीफ गेस्ट को प्लांट देकर किया गया स्वागत.

मरीजों को असहनीय दर्द से निजात दिलाना जरुरी.

न्यूक्लियर मेडिसिन भी अहम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा भटनागर ने कैंसर रोग से होने वाली असहनीय पीड़ा को किस प्रकार नियंत्रित किया जाये विषय पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया. डॉ. सीमा मिश्रा ने बच्चों में कैंसर के दर्द प्रबन्धन विषय पर अपना महत्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किया. एसजीपीजीआई लखनऊ से आई डॉ. नीरज रस्तोगी ने कैंसर के दर्द प्रबन्धन में रेडियोथैरिपी की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, एसजीपीजीआई, लखनऊ से आये डॉ. अमिताभ आर्या ने न्यूक्लियर मेडिसिन की भूमिका के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी. हैण्ड्स ऑन वर्कशॉप में डीएसए लैब में कैंसर के चार मरीजों के ऊपर पेन प्रोसीजर्स डॉ. देवेन्द्र सिंह, सहारा हास्पिटल, लखनऊ द्वारा किये गए जिसका सजीव प्रसारण किया गया. इस सीएमई में 150 चिकित्सकों के साथ-साथ पीजी छात्रों ने भाग लिया. सीएमई के आयोजन सचिव डा. महेश कश्यप और सचिव डॉ. रिचा चन्द्रा द्वारा अपने उद्घाटन भाषण में देश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों एवं मेडिकल कालेजों से आये विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया.